# कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा,कोटा

क्रमांक–मुजिशिअ / सशि / को / संस्था–1 / 2026 / दिनांक– 25.08.2026

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
समग्र शिक्षा,जिला–कोटा।

विषयः–शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों–विद्यालयों,आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट–फेकल्टी के रूप में लेने हेतु विद्या संबल योजना के संबंध में दिया–निर्देश एवं प्रक्रिया ।
प्रसंगः–वित्त विभाग,राजस्थान सरकार जयपुर के पत्रांक 46(2) वित्त / साविलेनि / 2021।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शिक्षा विभाग में विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त होने के कारण नियमित अध्यापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षण संस्थानों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विद्या संबल योजना लागू की जाने के कारण पात्र अभ्यार्थियों / सेवानिवृत्त शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित करने एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में निम्न लिखित समय–सीमा तय की जाती है –

| क. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पीईईओ / यूसीईईओ / प्राचार्य द्वारा विद्यालय स्तरीय चयन समिति का गठन | 25.08.2026 | – |
| 2 | पीईईओ / यूसीईईओ / प्राचार्य द्वारा अपने अधीनस्थ विद्यालयों के शाला दर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित व्याख्याता / वरिष्ठ अध्यापक / अध्यापक लेवल–1 व लेवल–2 रिक्त पदों की सूची प्रकाशित करना एवं पात्र अभ्यार्थियों के भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि। | 25.08.2026 से 27.08.2026 तक | अपरान्ह 05.00 बजे तक |
| 3 | विद्यालय स्तरीय कमेटी द्वारा आवेदन पत्रों की जॉच एवं निर्धारित मेरिट के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के विरूद्ध 3–3 अभ्यार्थियों का चयन कर चयन सूची तैयार करना (कमेटी - प्राचार्य / राजपत्रित अधि./कर्म.) | 29.08.2026 | – |
| 4 | विद्यालयों द्वारा चयनित अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची सीबीईओ कार्यालय में पहुँचाने हेतु अंतिम तिथि। | 31.08.2026 | प्रातः 11.00 बजे तक |
| 5 | सीबीईओ द्वारा चयनित अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची सीडीईओ कार्यालय में पहुँचाने की अंतिम तिथि। | 31.08.2026 | दोपहर 02.00 बजे तक |
| 6 | जिला स्तरीय कमेटी द्वारा चयन सूची अनुमोदन तिथि। | 31.08.2026 | सांय 06.00 बजे तक |

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान, कोटा